जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-36 | जयपुर, सोमवार, 27 सितम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान में अगले साल से अलग से होगा कृषि बजट



जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी में 2 करोड़ तक के अनुदान का फायदा किसान के बजाय व्यापारी उठा रहे हैं। न तो किसानों को इसके बारे में कोई जानकारी है और न उन्हें गाइडेंस मिल रहा है। इसके अभाव में व्यापारी लोग इस काम को कर रहे हैं। गहलोत डूंगरपुर एग्रीकल्चर कॉलेज के वर्चुअल उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

गहलोत ने कहा कि सरकार ने आगे बढ़कर फूड प्रोसेसिंग का काम हाथ में लिया है। एग्रो प्रोसेसिंग में किसान आगे आएं हैं। हम एग्रो प्रोसेसिंग एंड एक्सपोर्ट पॉलिसी के तहत 2 करोड़ तक का अनुदान दे रहे हैं। इसमें फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए 1 करोड़ और एक्सपोर्ट यूनिट के लिए 1 करोड़ का अनुदान मिल रहा है। किसान अगर प्रोसेसिंग यूनिट लगाता है तो उसे 2 करोड़ अनुदान मिलता है। अब तक इस स्कीम के तहत 132 करोड़ का अनुदान दिया जा चुका है। इस स्कीम का फायदा उठाने के लिए किसानों को आगे आना होगा।

UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
Good Education, Good Jobs

## यूईएम जयपुर परिणाम आधारित शिक्षा के लिए भारत के टॉप 10 संस्थानों में शामिल

जयपुर (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है और इसे अपने छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए भारत के शीर्ष 10 संस्थानों में रखा गया है। 20 सितम्बर 2021 को वर्ल्ड इंडिया रैंकिंग्स दुनिया की प्रसिद्ध रेटिंग और रैंकिंग एजेंसी द्वारा इसकी घोषणा कर दी गई है।

ओबीई रैंकिंग उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने और परिणाम आधारित शिक्षा मॉडल सहित नवीनतम शिक्षण शिक्षण पद्धतियों के कार्यान्वयन के लिए निरंतर किए गए प्रयासों को मान्यता देती है।

यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को बधाई दी और आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय सभी छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा और सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करना जारी रखेगा। यूईएम जयपुर हमेशा अपने शिक्षकों और छात्रों की प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए के सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान करता रहेगा।

## धूमधाम से मना पं.दीनदयायल उपाध्याय जयंती समारोह




जयपुर (हमारा वतन) पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 105 वी जयंती को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकर ने पंडित जी के परिवार से मुलाकात की।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे प्रदेशभर के सभी जिलों में जगह - जगह पर सामाजिक सरोकार के कई कार्य किए गए । जिनमें से गौशालाओं में चारा, अस्पतालों में फल वितरण, गरीब विद्यार्थियों को निऱ्शुल्क पठन सामग्री, कच्ची बस्तियों के अंदर फल एवं बिस्किट वितरण जैसे कार्यो को किया गया ।

इसके अतिरिक्त जयपुर में आज बड़े ही भव्य स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुवात आदर्श नगर स्थित पं दीनदयायल उपाध्याय सर्किल पर माल्यर्पण के साथ कि गई। ततपश्चात धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंच की संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमती मधु शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद शुक्ला ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त किए। विनोद शुक्ला ने जहां मंच के माध्यम से किये जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला ,वही मधु शर्मा ने पंडित जी के एकात्म मानवता वाद की विचार धारा पर अपने विचार व्यक्त किए। नीरज चतुर्वेदी ने मीडिया के माध्यम से धानक्या रेलवे स्टेशन का नाम दीनदयाल पुरम किये जाने की मांग की जिससे इस पुण्य स्थली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सके।

कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्मारक पर सभी जयपुर स्थित कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पंडित जी को माल्यार्पण के साथ नमन किया एवं उनके एकात्म मानवतावाद के चिंतन को याद किया। स्थानीय निवासियों एवं किसानों के लिए किसान योजनाओं , अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना एवं सरकार द्वारा प्रदान की गई प्रधानमंत्री जन कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं दुर्घटना एवं पेंशन बीमा के रजिस्ट्रेशन भी किये यथास्थान किये गए।

इस दौरान पारिवारिक सदस्य श्रीमती बीना शुक्ला, महिला मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्प लता आत्रे, राष्ट्रीय समन्वयक कृष्णकुमार उपाध्याय , कोषाध्यक्ष अमन शर्मा, प्रदेश महामंत्री सचिन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महिला मंच मनोज सिंह डागर, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल चंद्र प्रकाश



पुरोहित, जयपुर जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता धाकड़, प्रदेश महामंत्री आईटी सेल राजेंद्र धाकड़ , कोर कमेटी सदस्य सुमन भटनागर, प्रदेश प्रवक्ता आईटी सेल ललिता पुरोहित ,प्रदेश मंत्री आईटी सेल निर्मल सिंह जादौन, प्रदेश प्रवक्ता अलका शर्मा ,जिला महामंत्री कालूराम, जिला अध्यक्ष देहात नमन जैन ,महिला मंच उपाध्यक्ष श्रीमती रोमा चंदवानी, महिला मंच उपाध्यक्ष श्रीमती कुंती शर्मा ,डॉ राकेश शर्मा, मयंक दाधीच, यश व्यास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ किया गया। सहभोज में 500 स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।




## राष्ट्रीय स्तर की कराते प्रतियोगिता में चौमूं के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

जयपुर (हमारा वतन) इंडियन मार्शल आर्ट संस्थान द्वारा आयोजित 10वीं आईएमएएस राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में फुनोकोशी शोतोकेन कराते एकेडमी ऑफ इंडिया, चौमूं के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और दो कांस्य पदक जीतकर चौमूं का नाम रोशन किया है । वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जयपुर में आयोजित आईएमएएस राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2021 में पदक जीतकर विद्यार्थियों ने चौमूं क्षेत्र, गुरुजनों और माता-पिता के नाम को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विद्यार्थी और अभिभावक फूले नहीं समा रहे हैं। प्रेसीडेंट सोनू कुमार टांक,जनरल सेक्रेटरी प्रवीण कुमार योगी और कराते प्रशिक्षक दीपक बागड़ी ने सभी विद्यार्थियों को जीत की बधाई दी और आगे भी इस तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रवीण कुमार योगी ने बताया कि फुनोकोशी शोतोकेन कराते एकेडमी ऑफ इंडिया, राजस्थान हमेशा विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नवाचार का प्रयोग करता रहेगा ,ताकि विद्यार्थी हर परिस्थिति का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सके।

## वैक्सीनेशन को लेकर केंद्र सरकार ने जारी की नई गाइड लाइन

नई दिल्ली (हमारा वतन) देश में कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। वैक्सीनेशन का आंकड़ा भी 83 करोड़ के पार हो गया है। इस बीच सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए डोर-टु-डोर वैक्सीनेशन की अनुमति दे दी है। इसके लिए गाइडलाइंस भी जारी कर दी गई है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के लिए घर पर टीकाकरण शुरू कर रहे हैं, जो सेंटर पर जाने में सक्षम नहीं हैं। इसके लिए एडवाइजरी जारी की गई है। आदेश में कहा गया है कि वैक्सीनेशन सेंटर पर जाने में अक्षम लोगों को टीका लगाना सुनिश्चित किया जाए। सभी राज्य और केंद्रशासित राज्य इसके लिए खास इंतजाम करें।

### कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट

देश में कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले 24 घंटे में देश में लगभग 31 हजार लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जिस रफ्तार से मरीजों में कमी होनी चाहिए उस रफ्तार से नहीं हो रही है। इसका मतलब है कि कोरोना की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। नए मामलों में ज्यादातर केरल और महाराष्ट्र में मिल रहे हैं।

### 23% आबादी को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे



केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि लगातार 12वें हफ्ते वीकली पॉजिटिविटी रेट में कमी आई है। यह 3% से भी कम है। देश में रिकवरी रेट 97.8% हो गया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में वैक्सीनेशन पर जबरदस्त काम हुआ है। इस वजह से 18+ आबादी के 66% हिस्से को कोरोना का कम से कम एक डोज लग चुका है। 23% को दोनों डोज लग गए हैं। 6 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी 100% आबादी को पहला डोज लगा दिया है। इनमें लक्षद्वीप, चंडीगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम शामिल हैं। 4 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 90% से ज्यादा आबादी को पहला डोज लगाया गया है। इनमें दादरा और नगर हवेली, केरल, लद्दाख और उत्तराखंड हैं।

### एक्टिव केस भी घटे

राजेश भूषण ने बताया कि एक्टिव केसों की संख्या भी घटी है। इस वक्त देश में तीन लाख एक्टिव केस हैं। इनमें 1 लाख से ज्यादा केरल में और 40 हजार से ज्यादा महाराष्ट्र में हैं।

# प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के जन्मदिवस पर शुरू होगी उडान योजना

जयपुर (हमारा वतन) देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 19 नवम्बर को राज्य सरकार की ओर से प्रदेश की समस्त महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और विभिन्न रोगों से बचाव के लिए महत्वाकांक्षी 'उडान योजना' का शुभारंभ किया जाएगा। योजना के तहत विद्यालयों, कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि के जरिए चरणबद्ध रूप से सेनेटरी नैपकिन का निन्शुल्क वितरण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उडान योजना के लिए 200 करोड़ रूपए के बजट प्रावधान के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। प्रस्ताव के अनुसार, छात्राओं और किशोरियों को बेहतर हेल्थ एवं हाइजीन के लिए मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरण का दायरा बढ़ाकर अब यह सुविधा आवश्यकतानुसार प्रदेश की सभी महिलाओं को चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, महिला स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक तथा गैर सरकारी संस्थाओं आदि के माध्यम से महिला स्वास्थ्य संबंधी विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

गहलोत द्वारा राज्य बजट वर्ष 2021-22 में घोषित उडान योजना का नोडल विभाग महिला अधिकारिता विभाग होगा। इसका क्रियान्वयन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा तथा कॉलेज शिक्षा विभागों के साथ-साथ तकनीकी एवं उच्च शिक्षा, जनजाति क्षेत्रीय विकास और पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभागों की सहभागिता से किया जाएगा। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर 2 तथा जिला स्तर पर एक-एक ब्रांड एम्बेसेडर बनाए जाएंगे। योजना से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों, ब्रांड एम्बेसेडर आदि को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत भी किया जाएगा।

योजना के प्रस्ताव के अनुसार, राजस्थान स्वास्थ्य सेवाएं कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएमएससीएल) द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार नैपकिन की 'मुख्यमंत्री निःशुल्क योजना' के अन्तर्गत खरीद की जाएगी। स्कूल-कॉलेजों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि के माध्यम से नैपकिन का मुफ्त वितरण किया जाएगा। आरएमएससीएल द्वारा सभी वितरण केंद्रों पर सेनेटरी नैपकिन का समुचित स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। नैपकिन की व्यवस्था से संबंधित शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 181 पर की जा सकेगी।

गहलोत के इस निर्णय से प्रदेश की सभी किशोरियों एवं महिलाओं में स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं एवं महिलाएं, जो संकोचवश अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा नहीं कर पाती हैं और इस कारण कई प्रकार के रोगों से ग्रसित हो जाती हैं, वे अधिक सुगमता से निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

## जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान



चौमूं (हमारा वतन) जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के द्वारा विमलपुरा पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में शहीद रामकरण मीणा राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडा भिंडा में प्रभारी डॉ विकास मील की अध्यक्षता में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी मैं चिकित्सकगण सामाजिक सरोकारों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए स्वयं की जान जोखिम में डालकर मानवता की सेवा में समर्पित रहे एवं हम सबको मानव सेवा की सीख दी । ऐसे कोरोना योद्धाओं का सम्मान करके संस्था अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती है ।

मुख्य अतिथि रामगोपाल मीणा ने कहा कि सम्मान से न केवल उत्साहवर्धन होता है ,अपितु सेवा की भावना भी जागृत होती है । हम सबको अपने कर्तव्य का कुशलता के साथ निर्वहन करना चाहिए । क्षेत्रीय अस्पताल स्टाफ का काम बहुत ही सराहनीय रहा है। कार्यक्रम संयोजक विमलपुरा शाखा अध्यक्ष मुकेश मेहता ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर सामुदायिक केंद्र के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ ,एएनएम, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अस्पताल स्टाफ सहित 51 कोरोना योद्धाओं का संस्था का दुपट्टा पहना कर ,स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया ।

इस अवसर पर मुकेश मेहता, डॉक्टर सांवरमल शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा ,गोपाल शर्मा, दीपक , किरण बागड़ा, आशा यादव, हंसा शर्मा, संतोष पारीक ,ममता जांगिड़, प्रियंका सुनीता किरण शर्मा, सरिता ,रेखा, मनीषा, नंची देवी सहित गणमान्य बंधु उपस्थित रहे ।

## अगले महीने से लगेगी 12 से 18 साल के बच्चों को कोरोना वैक्सीन

नई दिल्ली (हमारा वतन) कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच देश में 12-18 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन अगले महीने शुरू हो जाएगा। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से ये रिपोर्ट दी है। इसके मुताबिक कैडिला हेल्थकेयर अगले महीने बच्चों की वैक्सीन जायकोव-डी लॉन्च कर देगी। इसके इमरजेंसी यूज के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) ने पिछले महीने मंजूरी दे दी थी।रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जायडस कैडिला अक्टूबर से हर महीने 1 करोड़ डोज बनाना शुरू कर देगी।

**कोवैक्सिन का भी थर्ड फेज का ट्रायल पूरा**

दूसरी तरफ भारत बायोटेक भी बच्चों पर कोवैक्सिन का तीसरे फेज का ट्रायल पूरा कर चुकी है। कंपनी ने कहा है कि वह अगले हफ्ते थर्ड फेज के डेटा DGCI को सौंप देगी। अभी थर्ड फेज के डेटा का एनालिसिस किया जा रहा है। वहीं सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया भी 2 से 12 साल की उम्र के बच्चों पर कोवावैक्स का दूसरे-तीसरे फेज का ट्रायल कर रही है।



**गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को पहले मिल सकता है फायदा**

कोविड-19 वैक्सीनेशन पर सरकार को सलाह देने वाली कमेटी ने पिछले महीने राय दी थी कि शुरुआत में 12 साल से ज्यादा उम्र के उन बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाए, जिन्हें गंभीर बीमारियां हैं। कमेटी का कहना था कि देश में 40 करोड़ बच्चे हैं और सभी का वैक्सीनेशन शुरू किया जाता है तो पहले से चल रहे 18+ के वैक्सीनेशन पर असर पड़ेगा। कमेटी के चेयरमैन एन के अरोड़ा ने कहा था कि पूरी तरह से स्वस्थ बच्चों को वैक्सीनेशन के लिए अभी इंतजार करना होगा। कमेटी की सलाह के मुताबिक पहले उन बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा जो किडनी ट्रांसप्लांट, जन्म से कैंसर या हार्ट संबंधी बीमारी के शिकार हैं।

## राजस्थान में प्रमोट हुए बच्चों को करना होगा ब्रिज कोर्स

जयपुर (हमारा वतन) कोरोना के कारण पिछले 2 साल में बच्चों की पढ़ाई का काफी नुकसान हुआ है। पढ़ाई के इस गैप को कवर करने के लिए राजस्थान शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अगली क्लास में प्रमोट हुए स्टूडेंट्स की पढ़ाई का नुकसान कम करने का प्रयास है। राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पहली बार ब्रिज कोर्स शुरू किया जाएगा। इसमें पिछली क्लास की पढ़ाई कराई जाएगी।

ब्रिज कोर्स में वो टॉपिक कवर किए जाएंगे, जो बच्चों को पढ़ना जरूरी है। शिक्षा विभाग ने तीन महीने का वर्क प्लान भी तैयार कर लिया है। ब्रिज कोर्स के लिए वर्क बुक प्रकाशित की जाएगी। वर्क बुक सभी सरकारी स्कूलों को उपलब्ध कराई जा रही है।



**स्टूडेंट्स को ब्रिज कोर्स करना जरूरी**

पहली से आठवीं तक के स्टूडेंट्स को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य होगा। इसके लिए क्लास 3 से 8 तक के लिए अंग्रेजी, हिन्दी और गणित की वर्क बुक तैयार की गई है। क्लास एक और दो के लिए ए ग्रेड वर्क बुक तैयार की गई है। वर्क बुक में पिछली क्लास की पढ़ाई से जुड़ी सामग्री है। वर्तमान क्लास के साथ ही पिछली 2 क्लास की पढ़ाई के लिए वर्क बुक उपयोग में ली जाएगी। हर सप्ताह रेगुलर क्लास की बुक्स के साथ वर्क बुक की पढ़ाई के लिए भी क्लासेस तय कर दी गई है।

**ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स स्कूल आएं**

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट कर दिया है कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स को स्कूल में बुलाया जाए।

1 अक्टूबर तक क्लास 9 से 12 के स्टूडेंट्स को 22 दिन पढ़ाया जाएगा। क्लास छह से आठ तक के स्टूडेंट्स को पांच अक्टूबर तक 13 दिन पढ़ाना होगा। इसके अलावा क्लास एक से पांच तक के स्टूडेंट्स को भी 10 अक्टूबर तक 11 दिन की पढ़ाई करवानी होगी।

राज्य के सभी शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो 27 सितंबर तक हर हाल में स्कूल तक वर्क बुक पहुंचा दें। इस काम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वर्क बुक का वितरण कार्यक्रम भी जारी किया गया है। सात दिन के अंदर वर्क बुक वितरण हो जाएगा। एक अक्टूबर से वर्क बुक में काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए स्टूडेंट्स को तीन दिन स्कूल में और तीन दिन घर पर होमवर्क के रूप में काम करना होगा।


पिछले साल पहली से आठवीं तक के स्टूडेंट्स को बिना पढ़ाए ही पास किया गया। राज्य में पचास फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट्स ने ऑनलाइन पढ़ाई भी नहीं की। अब स्कूल शुरू हो रहे हैं तो शिक्षा विभाग वर्तमान क्लास के साथ पिछली क्लास की पढ़ाई करवाना चाहता हैं। इसीलिए वर्क बुक को स्थान दिया गया है। ताकि पढ़ाई का गैप पूरा हो सके।

## मांग कमजोर पड़ने से तेल तिलहनों के भाव टूटे, सरसों के तेल के भाव मजबूत

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में कारोबार का मिला जुला रुख होने के बीच मांग कमजोर पड़ने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों, सोयाबीन, बिनौला, कच्चा पॉम तेल और पामोलीन तेल सहित लगभग सभी तेल तिलहनों में गिरावट का रुख दिखा। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में 0.1 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि शिकागो एक्सचेंज में आधा प्रतिशत की तेजी रही। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से तेल तिलहन कीमतों में गिरावट रही। गिरावट के रुख के बावजूद बाजार में सरसों तेल के भाव पूर्ववत बने रहे। सोयाबीन दाना की मांग होने से सोयाबीन दाना और लूज के भाव भी पूर्वस्तर पर बने रहे। उन्होंने कहा कि मंडियों में सरसों की उपलब्धता कम होने से ब्रांड वाली कंपनियां कोटा से सरसों के कच्ची घानी तेल की 182- 183 रुपये किलो (जीएसटी ऊपर से) के भाव खरीद कर रही हैं।

## जॉब्स


1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक), पद संख्या 3896, अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2021
2. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2021
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 41, अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2021
4. असम राइफल रैली भर्ती, पद ग्रुप बी सी, पद संख्या 1230, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
5. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद कंप्यूटर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021
6. इंडियन नेवी,पद पायलट अन्य, पद संख्या 181, अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2021
7. हिमाचल प्रदेश पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 1334, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021
8. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) पद सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, पद संख्या 247, अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2021



# मुनमुन दत्ता

## की बिकिनी वाली तस्वीरें हुई वायरल, फैन्स बोले- आग लगा रही हो

तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता इस वक्त अपनी बिकिनी वाली तस्वीरों को लेकर चर्चा में हैं, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैन्स उनके बोल्ड अवतार को देख हैरान हैं। मुनमुन दत्ता पिछले काफी महीनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही वह उस वक्त चर्चा में आई जब उनका नाम को-स्टार राज अनादकट के साथ जोड़ा गया। अब मुनमुन दत्ता अपनी बिकिनी वाली तस्वीरों के कारण चर्चा में हैं। मुनमुन दत्ता की ये तस्वीरें काफी पुरानी हैं, लेकिन फैन्स अब इन्हें सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। फैन्स मुनमुन दत्ता को इस बोल्ड अवतार में खूब पसंद कर रहे हैं। जहां कुछ फैन्स ने मुनमुन दत्ता के इस अवतार को आग लगाने वाला बताया है तो वहीं कुछ उन्हें जलपरी और हॉट क्वीन बता रहे हैं।मुनमुन दत्ता ने बतौर चाइल्ड सिंगर अपने करियर की शुरुआत की थी। उस वक्त वह आकाशवाणी और दूरदर्शन में गाती थीं। बड़े होने पर उन्होंने मॉडलिंग का रुख कर लिया और कई फैशन शोज में हिस्सा लिया।




**2004 में ऐक्टिंग ब्रेक**-ऐक्टिंग की दुनिया में मुनमुन दत्ता को पहला ब्रेक साल 2004 में मिला। उस वक्त वह टीवी शो हम सब बाराती में नजर आईं।

# अनन्या पांडे

## ने बिकिनी पहनकर ढाया कहर, बोल्ड अंदाज पर फिदा हुए फैन्स

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अनन्या पांडे अक्सर अपने फैन्स के लिए अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इस बीच अनन्या ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक बिकिनी फोटो शेयर की है।

**अनन्या का पोस्ट**-अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में अनन्या पांडे ने ब्लैक बिकिनी पहनी हुई है। अपनी बोल्ड फोटो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा- हॉट मैस। बता दें कि ये तस्वीर अनन्या पांडे की मालदीव की है। ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।



**फैन्स और सितारों को आ रही है पसंद**-अनन्या पांडे की ये बोल्ड फोटो सभी को पसंद आ रही है। इस पोस्ट पर अभी तक सात लाख लाइक्स आ चुके हैं जबकि 6 हजार से अधिक कमेंट्स आ चुके हैं। इस तस्वीर को अलाना पांडे, महीप कपूर, कनिका कपूर, समीक्षा पेडनेकर सहित कई सितारे कमेंट कर चुके हैं। वहीं फैन्स भी इस तस्वीर पर प्यार लुटा रहे हैं।

# भरी-भरी आईब्रो चाहिए?


## तो माइक्रोब्लैडिंग हो सकती है आपके लिए मददगार

माइक्रोब्लैडिंग एक कॉस्मेटिक तकनीक है जो भौहें बनाने के लिए टैटू का उपयोग करती है। आइए जानते हैं कि माइक्रोब्लैडिंग कैसे काम करती है।आइब्रो को चेहरे के सबसे प्रमुख फीचर्स में से एक माना जाता है, जो आपके चेहरे को उभारती हैं और इसे डिफ़ाइन करती है। भौहें सभी आकार-प्रकार की होती हैं और हमें परफेक्ट आइब्रो की तलाश है। माइक्रोब्लैडिंग परफेक्ट आइब्रो पाने के लिए एक नया ट्रेंड बन गया है। इसमें हाथ से पकड़े ब्लेड और सुइयों का उपयोग करके कस्टम मेड, मोटी और प्राकृतिक दिखने वाली भौहें विकसित करना शामिल है। यह तकनीक भौहों के आकार-प्रकार को बदलकर उन्हें और सुंदर बना सकती है।

**क्या है माइक्रोब्लैडिंग ?**

माइक्रोब्लैडिंग एक ऐसा ब्युटी ट्रीटमेंट है, जिसमें भौं क्षेत्र को कॉस्मेटिक रूप से गोदा जाता है और टैटू बनाया जाता है। एक पारंपरिक टैटू के विपरीत, माइक्रोब्लैडिंग परमानेंट नहीं होती है, और यह 3 साल तक रहती है।विस्टलेक डर्मेटोलॉजी क्लिनिकल रिसर्च सेंटर द्वारा प्रकाशित शोध के अनुसार, इस तकनीक से भौहें प्राकृतिक और भरी हुई दिखती हैं। इसमें एक सुन्न करने वाली क्रीम का उपयोग किया जाता है। इसके बाद, प्राकृतिक बालों की नकल करते हुए, भौं में छोटे चीरे लगाए जाते हैं। इन चीरों को फिर कलर डाई से भर दिया जाता है। सुन्न करने वाली क्रीम दर्द को कम करने में मदद करती है। इसमें कलर डाई की एक छोटी मात्रा का उपयोग किया जाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि समग्र परिणाम सही रहें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी त्वचा का प्रकार पिगमेंट के प्रति संवेदनशील नहीं है, एक पैच टेस्ट भी किया जाता है।सुइयां त्वचा में प्रवेश नहीं करती हैं, और केवल सतह को खरोंचती हैं। यह त्वचा के लिए एपिडर्मिस परत पर मेडिकल ग्रेड पिगमेंट का उपयोग करके नाजुक स्ट्रोक लगाने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप महीन और प्राकृतिक हेयर स्ट्रोक बनते हैं। यहां बताया गया है कि माइक्रोब्लैडिंग आपकी भौहों को कैसे प्रभावित कर सकती है

**एस्थेटिक**-इस प्रक्रिया के माध्यम से इंप्लांट भौहें, प्राकृतिक या भौहें के बिना लोगों की मदद कर सकती हैं। साथ ही उनके रूप को सकारात्मक रूप से सुधार सकती हैं। भौहों के बालों के झड़ने से पीड़ित लोगों के लिए, स्वाभाविक रूप से दिखने वाली भौहें प्राप्त करने के लिए माइक्रोब्लैडिंग सबसे अच्छा तरीका है।



**स्कैबिंग**-जब त्वचा ठीक होने लगती है, तो त्वचा से एक निश्चित मात्रा में पिगमेंट खो सकता है, यह स्कैबिंग के बाद होता है। कुछ मामलों में, टच अप की आवश्यकता हो सकती है।

**संक्रमण**-सुइयों, अस्वच्छ या बिना कीटाणुरहित उपकरणों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए, जीवाणु त्वचा संक्रमण के संचरण के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।


# Vitamin B12 :

## आपके स्वास्थ्य ही नहीं, स्किन को भी नुकसान पहुंचाती है इस जरूरी विटामिन की कमी

सेलेब्स जैसी सुंदर और आकर्षक त्वचा के लिए उनके बताए प्रोडक्ट यूज करने से पहले अपने आहार में विटामिन बी 12 की उपस्थिति को सुनिश्चित करना है जरूरी।मुरझायी हुई झुर्रीदार त्वचा, दाग-धब्बे और झाइयां, त्वचा पर होने वाली इन समस्याओं को दूर करने के लिए हम कोई भी प्रोडक्ट लगाने को तैयार हो जाते हैं। पर क्या आप जानती हैं कि त्वचा पर किए जाने वाले बाहरी उपचार इनसे छुटकारा नहीं दिला सकते। असल में ये सभी एक जरूरी विटामिन की कमी के संकेत हैं। जी हां, विटामिन बी 12 आपके स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि आपकी त्वचा को भी प्रभावित करता है। विटामिन बी12 की कमी आपको त्वचा संबंधी कई समस्याएं देकर आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। आइए जानते हैं इस बारे में और भी बहुत कुछ। आपकी त्वचा शरीर का सबसे बड़ा अंग है। यह आपके आहार, आपके लाइफस्टाइल और आपके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों से भी प्रभावित होती है। इसलिए त्वचा संबंधी समस्याओं का उपचार करने के लिए आपको न केवल अपने प्रोडक्ट्स को बदलना चाहिए, बल्कि उससे भी पहले अपने आहार पर ध्यान देना चाहिए। इनमें सबसे जरूरी विटामिन है बी 12।

**स्किन के लिए विटामिन बी 12 के लाभ**-बी विटामिन कई तरह से आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को सुधारता है। इसे आहार, सप्लीमेंट्स या पर्सनल केयर प्रोडक्ट के माध्यम से अपनी रेजीम में शामिल करना जरूरी है।




# दो दौरों की मेजबानी गंवाने के बाद पीसीबी ने बताया अपना आगे का प्लान

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि देश इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी के लिए सुरक्षित है, जिससे अब से बोर्ड अपनी घरेलू सीरीज का आयोजन न्यूट्रल जगहों पर करने पर विचार नहीं करेगा। हाल ही में न्यूजीलैंड की टीम 2005 के बाद पहली बार पाकिस्तान के दौरे पर पहुंची, लेकिन सुरक्षा के खतरे का हवाला देते हुए एक भी मैच खेले बिना स्वदेश लौट गई। इंग्लैंड ने भी खिलाड़ियों के हित का हवाला देते हुए पाकिस्तान के दौरे को रद्द करने का फैसला किया। अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान में सुरक्षा की स्थिति सामान्य है और हमारे पास किसी भी इंटरनेशनल टीम की मेजबानी के लिए सबकुछ है। हम अब न्यूट्रल जगहों पर सीरीज की मेजबानी नहीं करेंगे।दो दौरे रद्द होने के बाद पीसीबी ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले घरेलू सरजमीं पर एक इंटरनेशनल सीरीज कराने के लिए कुछ क्रिकेट बोर्ड से संपर्क किया था, लेकिन अब उसने एक घरेलू टूर्नामेंट आयोजित करने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा, कुछ बोर्ड के साथ शुरुआती चर्चा की गई थी, जिसमें श्रीलंका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शामिल हैं, लेकिन फिर नेशनल टी-20 चैम्पियनशिप पर ही ध्यान लगाने का फैसला किया गया, क्योंकि इस टूर्नामेंट के लिए सभी प्रमुख खिलाड़ी उपलब्ध हैं और अब यह हमारे लिए वर्ल्ड कप से पहले तैयारी टूर्नामेंट के तौर पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई खिलाड़ी 17 अक्टूबर से अपने वर्ल्ड कप क्वालीफाइंग मैचों से पहले एक ट्रेनिंग कैम्प के लिए ओमान में होंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेश अपनी बी टीम भेजने को सहमत था और जिम्बाब्वे भी आने को तैयार था, लेकिन चर्चा करने के बाद हमने फैसला किया कि समय कम है तो बेहतर होगा कि ध्यान घरेलू प्रतियोगिता पर लगाया जाए। अधिकारी ने कहा कि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज रद्द होना देश के लिए बड़ा झटका था, लेकिन यह देखकर खुशी हुई कि क्रिकेट जगत को पाकिस्तान क्रिकेट के प्रति सहानुभूति है।

# ब्रैड हॉग ने की भविष्यवाणी, श्रेयस अय्यर भविष्य में बन सकते हैं भारतीय टीम के कप्तान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर ब्रैड हॉग दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने श्रेयस अय्यर की तारीफ करते हुए कहा कि वो भविष्य में टीम इंडिया के कप्तान बन सकते हैं। अय्यर की अगुवाई में डीसी आईपीएल 2020 के फाइनल में पहुंची थी। आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में चोट के उबरने के बाद अय्यर ने टीम में वापसी की है। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत को ही कप्तान बनाए रखने का फैसला लिया। ब्रैड हॉग ने अपने यूट्यूब चैनल में कहा,वो चोट के बाद वापस आए हैं। वो काफी दबाव में हैं। उन्हें भारतीय टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए चुनी गई मुख्य टीम में नहीं चुना गया है। एक चीज जो मैंने प्रेस कांफ्रेंस में देखी थी वो यह कि श्रेयस भविष्य में टीम इंडिया के कप्तान बन सकते हैं। अय्यर लिमिटेड ओवरों में टीम इंडिया के रेगुलर सदस्य थे। अय्यर ने आईपीएल के 14वें संस्करण से पहले इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में चोटिल गए थे।



# एमएस धोनी ने बताया, किस खिलाड़ी की वजह से मिली आरसीबी के खिलाफ जीत

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के 35वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 विकेट से हराया। चेन्नई की जीत में ड्वेन ब्रावो का योगदान अहम रहा। ब्रावो ने आरसीबी के तीन खिलाड़ियों को आउट किया। उन्होंने विराट कोहली को आउट कर भारत की वापसी कराई। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। एमएस धोनी ने आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में बताया कि उन्होंने ड्रिंक्स के बाद मोईन को एक छोर से गेंदबाजी के लिए कहा था। लेकिन फिर उनका माइंड चेंज हुआ और उन्होंने ब्रावो को अटैक पर लगाया। धोनी ने कहा, हम ओस को लेकर चिंतित थे और हमने पिछले सीजन में ये देखा था। उन्होंने शानदार शुरुआत की और आठवें या नौवें ओवर के बाद पिच थोड़ी स्लो हो गई।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पर्यावरण बचाने की लड़ाई में अगुआ है भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सात वर्षों के अपने कार्यकाल में भारत को आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाया है। ऊर्जा क्षेत्र के नए विकल्पों की दिशा में भी भारत आगे बढ़ रहा है। ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में भारत की भूमिका विश्व पटल पर महत्वपूर्ण हुई है। जलवायु परिवर्तन के सवाल पर गंभीरतापूर्वक काम कर रहे देशों ने भारत की भूमिका को स्वीकार किया है। देखा जाए तो 2014 में सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में भारत की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नए ढंग से सुनिश्चित किया है। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया है कि भारत जलवायु परिवर्तनों की चुनौती से निपटने के लिए हो रही वैश्विक पहलों को आगे बढ़ाने में भी अग्रणी है। उदाहरण के रूप में देखें तो इस वर्ष के आरंभ में ही प्रधानमंत्री मोदी को 'सेरावीक ग्लोबल एनर्जी एंड एन्वायरनमेंट लीडरशिप' सम्मान प्राप्त हुआ। इसके पहले 2018 में 'संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम' में प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त राष्ट का सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ' प्रदान करते हुए पर्यावरण के क्षेत्र में उनके वैश्विक नेतृत्व को ही मान्यता दी गई।


राम गोपाल सैनी



# लालचंद यादव की पुण्यतिथि पर 603 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

## किन्नर रानीबाई ने भी किया रक्तदान

चौमूं (हमारा वतन) स्वर्गीय लालचंद यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर आज जीआईसी एवं ओएसके स्कूल प्रांगण में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 नरसिंहपुरी जी महाराज, पूर्व सांसद और यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर करण सिंह यादव, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल रहे ।

अतिथियों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है हम सभी को साल में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए । रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता हमारी नशों में बनता है । किसी अनजान की मदद का इससे बड़ा मौका नहीं हो सकता है । जयपुर से किन्नर रानीबाई ने भी सामाजिक सरोकार निभाते हुए रक्तदान किया और कहा की किसी को भी जरूरत हो तो मुझसे संपर्क कर सकते हैं । शिविर आयोजक पूर्व जिला पार्षद एवं स्कूल चेयरमैन हनुमान सहाय दुसाद ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया । सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और हेलमेट देकर हौसला अफजाई की । शिविर में ममता ब्लड बैंक, बराला ब्लड बैंक, दुसाद ब्लड बैंक और एस एम एस ब्लड बैंक जयपुर की टीम ने रक्त एकत्रित किया ।

शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी नागौर राम सिंह मीणा, पूर्व प्रधान भगवान सहाय धान्सिल, इंटेलिजेंसी प्रशिक्षण अकैडमी गठाला, एस एम एस जयपुर के कार्डियो सर्जन डॉक्टर रामगोपाल यादव, डॉक्टर हनुमान बराला, डॉक्टर एन सी निठारवाल, चिकित्सा अधिकारी कृष्ण गोपाल यादव, हेल्पिंग हैंड सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शेरावत, जिला अध्यक्ष लालचंद



जयपुर निदेशक ज्ञान चंद यादव, एएसआई धर्मेंद्र यादव, उप जिला प्रमुख मोहन डागर, गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव ,शाहपुरा प्रधान मंजू देवी शर्मा, गोविंदगढ़ विकास अधिकारी अनिल सोनी, सांगानेर पूर्व प्रधान हरसहाय, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, अनुराग शर्मा ,पार्षद महेंद्र चौधरी, प्रवीण व्यास, शाहपुरा उपप्रधान जे पी मान, किसान नेता प्रभु चौधरी, जिला परिषद सदस्य हरिनारायण झाझडा, कुमावत समाज युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरूप कुमावत, त्रिलोक लोछिब, हरफूल कुमावत, संपत चौधरी, गोगराज देवंदा, डॉक्टर सुषमा यादव, प्रिंसिपल अंजली यादव ,देवथला सरपंच श्रीमती कोयली देवी दुसाद, कैलाश राज सैनी, डॉ धर्मेंद्र शर्मा,जगदीश कनीनवाल आदि लोग मौजूद रहे । मंच का प्रभावी संचालन आर के कुमावत और मोहन यादव ने किया ।

# राजस्थानी फ़िल्म थारी म्हारी लव स्टोरी एवं स्पंदन की शूटिंग जोरों पर



कोटा (हमारा वतन) कोटा शहर में निर्माता चंचल कुमावत एवं निर्देशक सन्नी मंडावरा की राजस्थानी फ़िल्म थारी म्हारी लव स्टोरी एवं स्पंदन की शूटिंग जोरों पर चल रही है । राजस्थानी भाषा की यह बड़े बजट की फ़िल्म है ,जिसे रेड ड्रैगन केमेरे के साथ अल्ट्रा प्राइम लेंस पर शूट किया गया है । फ़िल्म में राज के पुरोहित, काजल तिवारी ने मुख्य भूमिका निभाई है । साथ ही रीटा शर्मा, हुकुम राजपुरोहित, देव मेनरिया, सनित स्वामी, अंशिका तिवारी मुख्य भूमिका में हैं । इसकी कहानी को सन्नी मंडावरा के साथ महेश माहवर ने लिखा है । संगीत स्वराग बेंड ने दिया है । राजा हसन आसिफ़ खान, अर्चना जैन एवं रेखा राव ने गानो को अपनी मधुर आवाज़ दी है । निर्देशक सन्नी मंडावरा ने बताया की स्पंदन फिल्म की कहानी पारिवारिक पृष्ठभूमि के इर्द गिर्द बुनी गई है । स्पंदन एक परिवार में परिवार के ही किसी व्यक्ति के द्वारा होने वाले बच्चों के साथ दुव्यवहार पर आधारित है । इस फ़िल्म में सन्नी मंडावरा, अंशिका तिवारी, इम्तियाज़ सैय्यद, मुस्कान अग्रवाल, उर्वशी व्यास, एवं विवेक डिम्पल मुख्य भूमिका में है । इस तरह की फ़िल्म राजस्थानी भाषा के लिए अनोखा प्रयास है । फ़रवरी में रिलीज़ के उद्धेश्य से बनाई गई दोनो फ़िल्मों को कोटा एवं आसपास की लोकेशंस पर फ़िल्माया गया है । दोनो ही फ़िल्मों को सन्नी मंडावरा ने निर्देशित किया है ।

# राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर के चुनाव निर्विरोध संपन्न



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए । जिसमे इंदु भूषण गोयल को अध्यक्ष ,राजेंद्र भंडारी को उपाध्यक्ष, अनिल शर्मा को मंत्री , महेश गोयल (अजमेर), राजेंद्र अग्रवाल (मलिकपुर),आलमसिंह नेगी (बीकानेर) को सर्व सम्मति से सहमंत्री चुना गया ।

गौरतलब है कि राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर राजस्थान की समस्त खादी संस्थाओं का एक संघ है ,जो कि 1956 से कार्यरत है। क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा के अनिल शर्मा मंत्री चुने गए है। इस दौरान रामदास शर्मा पूर्व अध्यक्ष , रामभरोसी गुप्ता , लक्ष्मी चंद भण्डारी आदि लोग मौजूद रहे ।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा